तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024



14 मोहारा में हुई भाजपा की शक्ति केंद्र स्तरीय बैठक





14 कमरौद में माता काली और बजरंग बली के...






# पारंपरिक वेशभूषा में गीत-नृत्य से दे रहे मतदान का संदेश

## ग्राम बोहारा में खारुन नदी के किनारे दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी विकासखण्डों में अभिनव एवं यूनिक जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोहारा में छत्तीसगढ़ी एवं ग्रामीण संस्कृति से साराबोर नैनाभिराम मतदाता जारूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 13 पर



### बच्चों व महिलाओं ने दी गीत-संगीत की प्रस्तुति

कार्यक्रम स्थल में स्थापित सेल्फी पांइट में पहुँचकर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने सेल्फी भी ली। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एवं महिला कलाकारों के सुमधुर गीत–संगीत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा आसमान में स्वीप गुब्बारा छोड़कर आम जनता को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल में कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह की महिलाएं, स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।

महागौरी शुभं

## पर्व : आज की जाएगी मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा

# महाअष्टमी आज, यज्ञ हवन कर दी जाएगी पूर्णाहुति, होगा कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अंचल के देवी मंदिरो एवं देवालयों में जंवारा एवं ज्योति कलश स्थापित किया गया है। जहां भक्तगणो की सुबह से शाम तक दर्शन करने भीड़ लगी रहती है। ग्राम डोंगीतराई स्थित सांई दरबार एवं दुर्गा मंदिर में 37 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया गया है, यहां के पुजारी पीआर साहू ने बताया की इस मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति कलश का स्थापना किया जाता है, साथ ही इस मंदिर में प्रत्येक रविवार.व मंगलवार को श्रद्धालु दूरदराज से अपने दुखों की निदान के लिए यहां आते हैं, जहां पुजारी जी द्वारा मां दुर्गा की पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार से उन दुखीहारों की दुखों को दूर करने का प्रयास करते हैं। आज मंगलवार को यहां अष्टमी हवन पूजन किया जाएगा, साथ ही क्षेत्र के ग्राम बोरगहन स्थित मां भरारी पाठ मंदिर में 82 ज्योति कलश ग्राम चारभांठा, कलंगपुर स्थित पावन एवं धार्मिक स्थल जय जोगी मठ बाबा मंदिर में भी 25 ज्योति कलश एवं मंदिर की जन सेवा समिति के तत्वाधान एवं भक्तगणों के द्वारा 30 मनोकामना ज्योति कलश का स्थापना किया गया है, साथ ही कलंगपुर शीतला मंदिर में 61 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है, जहां आज हवन पूजन एवं नौ कन्या भोज साथ ही प्रसाद वितरण किया जायेगा।

### क्षेत्र के मंदिरों में जगमगा रही ज्योति







### कल रामनवमी, तैयारी में जुटा सर्व हिन्दू समाज

**बालोद।** आज चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना के साथ हवन पूजन व कन्या भोज का भी कार्यक्रम किया जाएगा। जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों सहित सभी देवी मंदिरों में हवन यज्ञ होगा। वहीं कन्या भोज में देवी स्वरूप छोटी-छोटी बालिकाओं को भोजन कराकर उन्हें श्रृंगार सामग्री भेंट की जाएगी। कई स्थानों पर कन्या भोज के बाद भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों सहित हर एक मंदिरों जहां ज्योतिकलश व जंवारा स्थापित किए गए हैं, उन मंदिरों में भी भक्तों के लिए महाप्रसाद भंडारा का आयोजन रखा गया है। आज हवन यज्ञ और नौ कन्या भोज के साथ ही कल सभी देवी मंदिरों में स्थापित ज्योति कलश और जंवारा का विसर्जन किया जाएगा। आज नवरात्रि के आठवें दिन हवन यज्ञ के बाद कल सुबह से देर शाम तक विसर्जन का दौर चलेगा। इसके साथ ही बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद द्वारा सभी मंदिरों में सुबह से ही महाआरती के साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने की तैयारी की जा रही है। वहीं, शाम को जिला मुख्यालय में स्थित शीतला मंदिर से सर्व हिन्दू समाज भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर को भ्रमण करेगी। इसकी तैयारी भी जोर शोर से की जा रही है।



# भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिया बूथ जीतने का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के शक्तिकेंद्रों में हुई बैठक

गुण्डरदेही विधानसभा के अचौद शक्तिकेंद्र अंतर्गत बोदल और कुथरेल बूथ में शक्तिकेंद्र प्रभारी पुष्पेंद्र चंद्राकर और शक्तिकेंद्र संयोजक मोपेन्द्र साहू, शिव साहू ने बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर अपने शक्तिकेंद्रों में भाजपा को भारी लीड दिलाने का मंत्र दिया।

शक्तिकेंद्र प्रभारी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने शक्तिकेंद्रों को जीत की सीढ़ी बताया। पुष्पेंद्र ने कहा शक्तिकेंद्रों की मजबूती से पार्टी कांकेर लोकसभा में दमदार जीत हासिल करेगी। इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने और उसकी निगरानी तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने विकास के आयाम बनाए हैं। इसका लाभ आमजनों को सूबे में मिल रहा है। पुष्पेंद्र ने अब की बार 400 पार का नारा देते हुए इसके लिए बूथ और यूथ के उपयोग पर जोर दिया। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में दस साल के कार्यकाल में भाजपा पर किसी तरह के भ्रष्टाचार का दाग नहीं है। ये सरकार और पार्टी के लिए उपलब्धि है। अब बूथ के कार्यकर्ता अधिक से अधिक शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी भोज राज नाग जी को विजय दिलाने के लिए बूथ के कार्यकर्ता गांव में घर घर जा कर सम्पर्क करें। मोदी सरकार में प्रत्येक परिवार को योजनाओं का लाभ मिला, जिसके लिये इस बार प्रत्येक परिवार मोदी की गारंटी ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### पुत्री के जन्मदिन पर दिया न्योता भोज

**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला सहगांव की शिक्षिका केशर अलेन्द्र ने अपने सुपुत्री नम्रता अलेन्द्र की जन्मदिन की खुशी में बच्चों को न्योता भोज दिया। बच्चों को चावल-दाल, सब्जी के साथ हलवा, तरबूत व अंगूर परोसा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेम लाल निषाद, संरक्षक दिलीप कुमार मेश्राम, शिक्षाविद गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, विद्यालयीन स्टॉफ केएल चुरेन्द्र, शरद मालेकर, नीलिमा राम ,प्रीति चौहान, होमलाल पटेल, विजय कुमार पटेल, गिरीश कुमार निर्मोही, दीपा आमदो, हेमलता साहू, भागवत ठाकुर, नशीद टेमार्य, भागवत तारम, सुरेखा यामले, दुलोरिन बाई, लीलावती यादव आदि उपस्थित थे।

### सरपंच के साथ गाली गलौच, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सरपंच के साथ गाली गलौच करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सुरसा पुलिस ने बताया कि वार्ड 20 जेवर सिरसा निवासी प्रशांत गौतम गांव का सरपंच भी है।

# बौद्ध समाज ने मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

14अप्रैल को संविधान रचियता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती समारोह आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन डौंडी में बौद्ध समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया।

सुबह 11 बजे ध्वजारोहण अध्यक्ष छगन लेनपांडे, परसन रामटेके द्वारा किया गया। 12बजे से बाईक रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए खैरवाही तक जाकर बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंचशील का पाठ किया। दोपहर 2:30 बजे से कलाभवन रंगमंच डौंडी में प्रमुख वक्ताओं ने डा. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करने और संविधान कि रक्षा का संकल्प लिया। दिलीप मेश्राम अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालोद, संतोषी ठाकुर, नीलिमा श्याम, हरीशंकर दामले, बसंत नोन्हारे,



आत्माराम कौर, खोरबहारा मंडावी, प्रेम कुंजाम, शमशेर बेग आदि ने अपने विचार रखे। शाम 6 बजे भव्य रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए थाना चौक, मथाई चौक, बस स्टैंड, दुर्गा चौक होते हुए वापस भवन आकर समाप्त हुई। इस दौरान भारतीय ▶▶|शेष पेज 13 पर

# नितिन व संदीप ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लगातार लोगों के भाजपा प्रवेश का सिलसिला जारी है। बालोद के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम जी भाई पटेल के भतीजे नितिन भाई पटेल तथा बालोद के व्यापारी संदीप सिंग ने भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर भाजपा में प्रवेश किया।

जिला बालोद अध्यक्ष पवन साहू ने युवा मोर्चा अध्यक्ष रौनक कत्याल के नेतृत्व में नितिन व संदीप को भाजपा प्रवेश कराया। नितिन ने



जिला बालोद अध्यक्ष पवन ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

बताया कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिया बिना थके लगातार काम कर रहे हैं, इसे देखते हुए उनके सहयोग के लिए मैंने भी भाजपा प्रवेश किया है। वहीं, संदीप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरीके से युवाओं व देश की तरक्की के लिए काम कर रहे हैं इससे पूरे देश के युवा उनके साथ खड़े हैं और निश्चित ही इस बार भाजपा 400 सीटें जीत कर आएगी। इस दौरान भाजपा के नेता यज्ञदत्त शर्मा, कुलदीप कत्याल, जिला भाजपा के महामंत्री राकेश छोटू यादव, मंत्री शरद ठाकुर, सुरेश निर्मलकर, संजय साहू, बंटी बाफना, राहुल साहू, विराट राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## योजना से हजारों मरीजों को मिल रहा लाभ

# वार्डों में पहुंच रही मोबाइल मेडिकल यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय निकायों में आमजनता की स्वास्थ्य समस्या को देखते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना से जिले के हजारों लोगों को लाभ मिल रहा है। योजना के तहत अस्पताल, डॉक्टर तथा नर्स सहित कई बीमारियों के दवाईयां आम जनता तक पहुंच रहा है। लोगों को अस्पताल जाने तथा वहां घंटों इंतजार न करना पड़े इसके लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना की शुरुआत की गई थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही पूर्व के कांग्रेस सरकार की कई योजनाओं को बंद कर दिया गया, लेकिन मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना को न ही बंद किया गया और न ही इसे परिवर्तन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से अब तक जिले में करीब 4 महीनों में 32 हजार से अधिक लोगों ने इस योजना के तहत



केवल चार माह में 32 हजार से ज्यादा लोग हुए लाभान्वित

उपचार कराकर इसका लाभ हासिल किया है। जानकारी के अनुसार जिले के दो नगर पालिका बालोद और दल्लीराजहरा सहित छह नगर पंचायत अर्जुन्दा, गुण्डरदेही, डौंडी लोहारा, चिखलकसा, डौंडी और गुरुर इन सभी आठ जगहों में बीते चार महीने में कुल 430 बार शिविर लगाया गया, जिसमें कुल 32627 नागरिक जांच कराने पहुंचे, वहीं जांच के बाद बीमार 31620 लोगों को दवाई वितरण किया गया। इसके साथ ही 41 अलग अलग तरह के लैब टेस्ट कराने वाले लोगों की संख्या चार माह में 9940 तक पहुंच गया है।

***नगरीय निकायों में संचालित, 8 निकायों के लोग लाभान्वित-*** *मिली जानकारी के अनुसार यह योजना केवल नगरीय निकायों के लिए है। मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना के तहत एक बस जिसमें दवाइयां, मरीजों के जांच कक्ष, डॉक्टर और नर्स की टीम व लैब टेस्ट कक्ष ये सारी सुविधा लेकर यह बस नगरीय निकाय के वार्डों में पहुंचकर बीमार लोगों का जांच कर उन्हें दवाइयां वितरण करने का कार्य कर रहे हैं।*

***मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के लैब टेस्ट-*** *जानकारी के अनुसार मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन में सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ ही 41 प्रकार का लैब टेस्ट होता है। जिसमें प्रमुख रूप से खून जांच, सुगर, थाइराइड, केल्शियम, पोटेशियम सहित कुल 41 प्रकार की जांच होती है।*

### वीआईपी कैफे में नशे का कारोबार, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** वीआईपी कैफे में पुलिस ने दबिश देकर नशे के सामान के साथ महादेव सट्टे से संलिप्ता में शामिल दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर व क्राइम एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि वीआईपी कैपे में दबिश दिया। जहां से कंट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी प्रांशु गुप्ता और ऋषभ गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 हुक्का पाट, 16 तम्बाखु युक्त विभिन्न कंपनियों के फ्लेवर, 50 नग सिम, 15 नग आईडीएफसी बैंक के चेकबुक, 1 नग लेपटाप, 3 नग मोबाईल जप्त किया गया है। दोनों से पूछताछ करने पर बताया कि 50 नग सिम फर्जी रूप से अन्य व्यक्तियों के नाम से बिना जानकारी के खरीदी किया गया।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

